आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 08.05.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- उत्तरकाशी जिले में गंगनानी के पास एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, छह लोगों की मृत्यु, एक घायल।
- राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गंगनानी के पास हेलिकॉप्टर क्रैश में हताहत हुए लोगों के प्रति दुख व्यक्त किया है। श्री धामी ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच के निर्देश दिए हैं।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा– नैनीताल जिले के गौलापार में राज्य के विश्वविद्यालय की नींव रखी जाएगी।
- बागेश्वर जिले में बाल श्रम रोकथाम के लिए जागरूकता रैली निकाली गई।

हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी के पास आज सुबह करीब पौने नौ बजे एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में छह लोगों की मृत्यु हो गई है, जबकि एक घायल है। पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल के नेतृत्व में पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन, चिकित्सा और अन्य आपदा राहत दल मौके पर राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 07 लोग सवार थे, जिसमें 4 यात्री मुंबई और 2 आंध्र प्रदेश के बताए जा रहे हैं।

राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगनानी के पास हेलिकॉप्टर क्रैश में हताहत हुए लोगों के प्रति दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस दुर्घटना में उपचाराधीन घायल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशासन को घायल व्यक्ति को हर संभव सहायता पहुंचाने और हादसे की जांच के भी निर्देश दिए हैं।

पीसीएस भर्ती

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2025 के 123 रिक्त पदों पर नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। आयोग के प्रभारी सचिव अवधेश कुमार सिंह के अनुसार अभ्यर्थी रिक्त पदों पर अंतिम तिथि 27 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि भी 27 निर्धारित की गई है।

श्री बद्रीनाथ धाम

श्री बद्रीनाथ धाम और यात्रा मार्ग को स्वच्छ व प्लास्टिक मुक्त बनाने को जिला प्रशासन द्वारा प्लास्टिक निर्मित बोतलों पर क्यूआर कोड लगाया गया है।

उप जिलाधिकारी चन्द्रशेखर वशिष्ठ ने बताया कि बद्रीनाथ धाम व यात्रा मार्ग को प्लास्टिक मुक्त किए जाने को लेकर जिला प्रशासन और रिसाइकल कंपनी के मध्य अनुबंध किया गया है। गोविंदघाट, बद्रीनाथ धाम व माणा में प्लास्टिक बोतल पेय पदार्थो के थोक विक्रेता, दुकान, होटल, रेस्तरां के संचालकों को प्लास्टिक निर्मित बोतल/पेय पदार्थ पर न्यूनतम 10 रुपये के क्यूआर कोड उपलब्ध कराए गये हैं। वहीं रिसाइकिल कंपनी द्वारा गोविंदघाट, बद्रीनाथ धाम व माणा डिपॉजिट रिफंड काउंटर लगाए गए हैं। यात्री इन काउंटरों पर क्यूआर कोड वाली खाली बोतल जमा कर डिपॉजिट रिफंड ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन स्थानों पर बिना क्यूआर कोड के प्लास्टिक बोतल बेचने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

भ्रामक खबरें

पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आरहा। वो लगातार भारत के बारे में भ्रामक बातें फैला रहा है। पीआईबी ने खुलासा करते हुए बताया है कि पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल अमृतसर में सैन्य अड्डे पर हमले का झूठा दावा लगाते हुए पुराने वीडियो साझा कर रहे हैं।

शेयर किया जा रहा वीडियो 2024 में लगी जंगल की आग का है। पीआईबी ने कहा है कि असत्यापित जानकारी शेयर करने से बचें और सटीक जानकारी के लिए केवल सरकार के ऑफीशियल सोर्सेज पर ही भरोसा करें।

एक अन्य वीडियो का भी पीआईबी फैक्टचैक ने खुलासा किया है। जिसमें पाकिस्तानी हैंडल एक पुराना वीडियो साझा कर झूठा दावा कर रहा है कि ये भारतीय सेना है जो अपने सैनिकों के शवों को वापस लाने के लिए एलओसी पर सफेद झंडे लहरा रही है। जबकि पीआईबी के मुताबिक, असल में सितंबर 2019 के इस पुराने वीडियो में पाकिस्तानी सेना अपने मृत सैनिकों के शवों को वापस लाने के लिए एलओसी पर सफेद झंडे लहरा रही है।

पुलिस अलर्ट

पाकिस्तान पर स्ट्राइक के बाद पूरे उत्तराखंड में सेना और पुलिस अलर्ट मोड पर है। सतर्कता के बीच हरिद्वार जिले के रुड़की छावनी परिसर में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। सीओ रुड़की नरेंद्र पंत ने बताया कि संदिग्ध बिहार का रहने वाला है। उसके सैन्य क्षेत्र में घुसने की वजह की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से हर की पैड़ी, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र समेत सभी प्रमुख स्थानों पर चेकिंग अभियान जारी है।

खेल विश्वविद्यालय

उत्तराखंड को जल्द खेल विश्वविद्यालय की सौगात मिलने जा रही है। इस संबंध में खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि खेल विश्वविद्यालय एक्ट को राज्यपाल ने अधिसूचित कर दिया है। नैनीताल जिले के गौलापार में इस विश्वविद्यालय की नींव रखी जाएगी।

सरकार का कहना है कि आगामी राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए खेल मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह खेल विश्वविद्यालय प्रदेश के खेल इतिहास में और खिलाड़ियों के विकास में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगा। राज्य में खेल विश्वविद्यालय बनने के बाद खिलाड़ियों के विकास और पढ़ाई के लिए बड़ा मंच उपलब्ध होगा।

बाल श्रम रोकथाम

प्रदेश में बाल श्रम को रोकने के लिए सरकार की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बागेश्वर जिले में बाल श्रम रोकथाम के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रैली को प्राधिकरण के सचिव जयेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि रैली का उद्देश्य समाज में बाल श्रम के खिलाफ सकारात्मक सोच विकसित करना है। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शिक्षा का अधिकार है और इसका पालन करना सभी की जिम्मेदारी है।

रैली में शामिल नगर क्षेत्र के तीन स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम न कराने को लेकर विभिन्न प्रकार के पोस्टर व बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।

मनरेगा

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने विकासखंडवार मनरेगा के कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए धीमी प्रगति वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने पर जोर दिया। डॉ. बिष्ट ने मनरेगा के तहत प्राथमिकता के आधार पर आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण, प्राथमिक विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण और अन्य सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

एयर इंडिया

एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले और उसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के बाद, भारत के सशस्त्र बलों के समर्थन में, एयरलाइनों के साथ बुकिंग कराने वाले रक्षा कर्मियों के लिए टिकटों के पुनर्निर्धारण पर कोई शुल्क न लगाने और रद्द करने पर पूर्ण धन वापसी का प्रस्ताव किया है।

टाटा के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा है कि 31 मई तक रद्द होने पर पूर्ण धन वापसी और 30 जून, 2025 तक यात्रा की एक बार के लिए पुनर्निर्धारण छूट उपलब्ध होगी।

संगोष्ठी

प्रदेश सरकार के प्रोजेक्ट गौरव के अंतर्गत वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में स्टॉक मार्केट से जुड़ी जानकारी और जागरूकता को लेकर नैनीताल जिले में तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में स्टॉक मार्केट की तकनीकी जानकारी और निवेश संबंधी दिशा—निर्देशों पर केंद्रित रहेगी।